# दिनभर कोहरे की धुंध के आगोश में रहा पूरा जिला

**जिले में कड़ाके की सर्दी लगातार जारी है। रात और तड़के बारिश हो रही है कोहरा गिर रहा है और पूरे दिन सूर्य देवता के दर्शन भी नहीं हो रहे हैं। ठंड की वजह से लोग पूरा दिन ज्यादा से ज्यादा गर्म कपड़े पहनकर निकल रहे हैं।**






सतना।

वैसे तो तापमान स्थिर है लेकिन ठंड लगातार बढ़ रही है। शनिवार को मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक अधिकतम तापमान 17.3 और न्यूनतम तापमान 14.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ठंड की वजह से लोगों की दिनचर्या भी बदल गई है। तड़के घर से निकलने वाले लोग निर्धारित समय से देरी से निकल रहे हैं। सुबह टहलने वालों की तादाद भी ठंड की वजह से कम हो गई है। तड़के कोहरा और बारिश के कारण सड़कों पर टहलने वाले अब कम नजर आते हैं।

### सड़कों पर विजिबिलिटी कम

धुंध और कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो गई है जिसकी वजह से जमीन से लेकर आसमान तक यातायात प्रभावित हो रहा है सड़कों पर गाड़ियां और पटरी पर ट्रेनों की गति धीमी हो गई है। इसका हवाई यात्रा पर भी व्यापक असर पड़ रहा है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को शुक्रवार को खजुराहो से रीवा जाने के लिए सड़क मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ा।

### जंगली क्षेत्र में भी व्यापक कोहरा

जंगली और मैदानी इलाकों में भी जबरदस्त ठंड पड़ रही है। यहां पर भी बारिश और दिन में कोहरा देखा जा रहा है। शनिवार को धारकुंडी इलाके से आई एक तस्वीर में परमहंस आश्रम धारकुंडी कोहरे के आगोश पर नजर आ रहा था। यह नजारा अपराहन 3.46 का है।

## खबर संक्षेप

### देर रात शहर में निकले कलेक्टर एवं महापौर

**सतना।** सिंधी समाज द्वारा चलाए जा रहे तेरा तुझको अर्पण सेवा के तहत आज सतना में ठंड के प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर अनुराग वर्मा एवं महापौर योगेश ताम्रकार ने सेमरिया चौक,शनि मंदिर,सिंधी कैंप,एवं रेलवे स्टेशन पर कंबल वितरण किया साथ में सतना चेंबर ऑफ कामर्स के महामंत्री, दीनदयाल उपाध्यय मंडल अध्यक्ष संजय तीर्थवानी,कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष अभिषेक दत्त पाण्डेय,एमआईसी सदस्यगण आदित्य यादव,प्रवीन जैन,अभिषेक तिवारी,अजय यादव,दीपक,रूपेश मनचंदानी,विशाल राजपाल,कपिल सुगानी,अमन सेनानी आदि कई लोग उपस्थित रहे।

### टूर्नामेंट 8 जनवरी से

**मैहर।** देश के प्रथम राष्ट्रीय दिव्यांग लीग का आयोजन 8 जनवरी से मैहर में अलाउद्दीन खान स्टेडियम में होने जा रहा है,सुबह 08 बजे 1 बजे तक पहला मैच डेढ़ बजे से दूसरा मैच साढ़े चार बजे तक,20 ओवर का रहेगा,मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले,मधुरिमा सेवा संस्थान फाउंडेशन द्वारा इस लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिनों की प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 60 प्रमुख क्रिकेटर चार टीमों में शामिल हैं। रीवा,ग्वालियर,भोपाल और इंदौर से बनी इन टीमों में दूसरे प्रदेशों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को साथ में नेपाल की दिव्यांग क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को भी शामिल किया जा रहा है।

### 24वां आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट कल से

**मैहर।** विंध्य क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन फेंटू क्लब मैहर के तत्वाधान में स्थानीय फुटबाल ग्राउंड पर दिनांक 07जनवरी से 14जनवरी 2024 तक किया जा रहा है। फेंटू क्लब के संरक्षक कोमलचंद जैन,सतविंदर सिंह सरना,अम्बालाल पटेल और अध्यक्ष आनंद वर्मा ने संयुक्त जानकारी देते हुए बताया,कि प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त उक्त टूर्नामेंट आल इंडिया फुटबाल फेडरेशन से ग्रेड-1 में रजिस्टर्ड है,जिसमें देश की ख्याति प्राप्त रजिस्टर्ड टीमें भाग ले रही हैं। टीमों को आमंत्रण प्रेषित कर उनका चयन किए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। नॉक आउट पद्धति से होने वाले इस आयोजन में केरल, तमिलनाडु,तेलंगाना,बिहार,कश्मीर, महाराष्ट्र,पंजाब,पश्चिम बंगाल,उत्तरप्रदेश,गुजरात और मध्य प्रदेश सहित देश की 12 राज्यों की टीमों के खेल प्रदर्शन का रोमांच मैहर जिले की खेल प्रेमी जनता को दिखने मिलेगा।

### इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के छात्र का कार्य प्रशंशित



**सतना।** राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी,एकेएस यूनिवर्सिटी के छात्र का शोध पत्र इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। अभिषेक सोनी एम.फार्मा के संस्थापक बैच के छात्र हैं उनका विषय डेवलपमेंट एंड बैलिडेशन ऑफ़ सिंपल यूवी स्पेक्ट्रो फोटो मैट्रिक मेथड फॉर ऐस्टीमेशन ऑफ अजिथ्रोमाइसीन इन डोसेज फॉर्म यूजिंग हाइड्रोट्रॉपिक सॉल्युबिलाइजेशन टेक्निक है। इस पर उनका शोध पत्र इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड नैनोटेक्नोलॉजी,आईजेपीएसएन में प्रकाशित होना एक उपलब्धि है।विदित है की स्कोपस एक अनुक्रमित और यूजीसी द्वारा अनुमोदित है। यह पीसीआई द्वारा अप्रूव्ड भी है। आईएसएस नंबर 0974 3278 है। इसके खंड 16,अंक 6,2023 में अभिषेक सोनी को स्थान मिला है। फार्मेसी विभाग के प्रो.एंड डायरेक्टर डॉ. सूर्यप्रकाश गुप्ता के मार्गदर्शन में उन्होंने विषय पर हाइड्रोट्रोपिक घुलनशीलता तकनीक का उपयोग करके खुराक के रूप में एज़िथ्रोमाइसिन के आकलन के लिए सरल यूवी,स्पेक्ट्रोफोटो-मीट्रिक विधि का विकास किया। इसे व्यापक रूप से सराहा गया है और सत्यापन भी मिला है। डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया की अभिषेक सोनी ने दिए गए निर्देशों का वैज्ञानिक तरीके से पालन किया और उन्हें परिणाम भी सकारात्मक मिला।

## सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में कंबल के अभाव में परेशान रहते हैं मरीज

# कड़ाके की सर्दी में सरकारी अस्पताल में कम्बल का टोटा







सतना।

कड़ाके की सर्दी में एक ओर जहां लोग गर्म कपड़ा पहनने के बाद भी ठिठुर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल में मरीजों को कंबल नहीं मिलने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि मरीज अपने घर से कंबल लाकर यहां ठंड से अपना बचाव कर रहे हैं। आपको बता दे की सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल बेहतर सुविधाओं के लिए कई बार पुरस्कृत भी किया जा चुका है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहां पर मरीज को उम्मीद की अनुरूप सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में जिन लोगों की तैनाती मरीजों को सुविधा महैया करने के लिए की गई है उनके द्वारा अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से मरीजों को ठंड में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को वार्ड क्रमांक 2 और वार्ड क्रमांक 5 में यह देखने को मिला कि मरीजों के पास कंबल नहीं थे।अधिकांश मरीज घर से कंबल लाए थे इतना ही नहीं पलंग के अभाव में कई मरीज बाहर बरामदे में लेटे हुए थे। जहां पर जबरदस्त ठंड का एहसास हो रहा था। एक मरीज ने बताया कि उसने कई बार कर्मचारियों से कंबल की मांग की लेकिन उसे कंबल नहीं दिया गया है। जब हमने एक कर्मचारी से बातचीत की और कंबल के बारे में पूछा तो उसका कहना था कि जितने कंबल थे दे दिए गए हैं अब कंबल नहीं है उसने बताया कि कई साल से कंबल नहीं मिले हैं थोड़े बहुत कंबल मिलते हैं लेकिन जब मरीज अधिक हो जाते हैं तो कंबल कम पड़ जाते हैं। यहां पर महत्वपूर्ण बात यह भी है कि शहर में कई समाजसेवी संस्थाएं काम कर रही हैं संस्थाओं के लोग फोटो खिंचवा रहे हैं लेकिन अस्पताल में ठंड से परेशान मरीजों की मदद करने वालों की भीड़ नजर नहीं आ रही है।

## संभागीय बैठक में सतना के विकास के मुद्दों को सांसद गणेश सिंह ने उठाया

**सतना।** मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रीवा में सम्पन्न संभागीय समीक्षा बैठक में सतना लोकसभा क्षेत्र के अहम मुद्दों को उठाते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्रोजेक्ट में पार्ट-2 में 700 विस्तरों की सुपर स्पेशिलिस्ट अस्पताल स्वीकृत है। बजट में शामिल भी है। धनराशि नहीं मिली जिससे निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। चित्रकूट में वनवासी राम लोक तथा मैहर में माँ शारदा लोक की घोषणा हुई थी,डीपीआर बनाया जाय। चित्रकूट का धार्मिक एवं प्राधिकरण बनाया जाय क्योंकि भगवान श्री राम ने वनवास काल के 11 वर्ष वहीं बिताये थे तथा 84 कोषीय परिक्रमा वहीं मौजूद है। चित्रकूट में गोदावरी मोड़ से कामतानाथ परिकमा के पश्चिमी भाग से पीली कोठी होते हुए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस हाईवें में जोड़ा जाय। रामवन पथ गमन के सभी तीर्थस्थानों को सुविधा युक्त बनाया जाय। बरगी बांध की टनल जो स्लिमनाबाद में बन रही है उसकी गति पुनः धीमी हो गई है साथ ही दांई तट नहर में उद्यहन सिंचाई हेतु नये नये प्रस्ताव कटनी जिले में स्वीकृत किये जा रहे हैं उससे सतना-रीवा को बरगी का पानी अत्यंत कम मिल पायेगा इसलिए अतिरिक्त स्वीकृतियों को रोका जाय।सतना नदी तथा टमस नदी को गुजरात की सावरगती नदी की तरह प्रदूषण मुदत बनाये जाने हेतु केन्द्र सरकार की प्रस्ताव स्वीकृति हेतु भेजा जाय।सतना शहर में कृपालपुर से सोहावल मोड़ तक 12 किमी एलीवेटेड रोड जो कि केन्द्रीय भू-तल परिवहन मंत्री जी की घोषणा में है, डीपीआर बनाने के आदेश भी हो गये हैं किन्तु राज्य सरकार की ओर से अभी तक प्रस्ताव नहीं गया है,कृपया भेजा जाय। एनएच-7 से मैहर गॉ शारदा मंदिर से होते हुए जीनगर से ग्रीन रोड मैहर सतना में रिंग रोड तथा जैतवारा शहर की रिंग रोड की स्वीकृति दी जाय।टमस बराज बांध के प्रभावित किसानों की जमीन की वापसी कराई जाय। सतना में व्यापार मेला ग्राउण्ड बनाने की रवीकृति दी जाय। नईबस्ती सतना जिसके अंतर्गत वार्ड नं. 12,13,14,15,16,17,18 का लम्बा चौड़ा क्षेत्रफल है जिसमें शहर की बड़ी आबादी निवासरत है जहां पुलिस चौकी खोले जाने की नितान्त आवश्यकता है।

## शहर के सौन्दर्यीकरण और विकास कार्यों को मूर्त रूप दें: बागरी

# नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री ने अधिकारियों की ली बैठक



सतना।

प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि सतना शहर के सौन्दर्यीकरण और नगरीय विकास के कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा में पूर्ण किये जायें। उन्होंने कहा कि जिले के निर्माणाधीन और विकास कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूरे किये जाने चाहिए। राज्यमंत्री शनिवार को सायं काल सर्किट हाउस में नगर निगम एवं अन्य विकास और निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक में निर्माणाधीन और प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ले रही थी। इस मौके पर उपायुक्त नगर निगम भूपेन्द्र देव परमार, अधीक्षण यंत्री विद्युत जीडी त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन आर एस नट, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई शरद सिंह, एसडीईओ सेतु निगम दिव्यानी सिंह भी उपस्थित थे।

राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने स्मार्ट सिटी और नगर निगम की समीक्षा के दौरान कहा कि सतना शहर में भी रिवर फ्रंट और ईको पार्क जैसी परियोजनाओं के लिए स्थान चिन्हित किये जायें। सर्किट हाउस को विकसित करने का प्रोजेक्ट तैयार करें। नगर निगम एवं जिले की सभी नगरीय निकाय संस्थायें स्वच्छता के कार्यों में बढ़-चढ़कर कार्य करते हुए अपने शहर को स्वच्छता में अच्छी रैंक लाने का प्रयास करें। उपायुक्त नगर निगम भूपेन्द्र देव परमार ने बताया कि स्मार्ट सिटी सतना के अंतर्गत 72 प्रोजेक्ट स्वीकृत किये गये है। जिनमें 41 प्रोजेक्ट पूरे हो गये हैं। शेष प्रगति पर है। खेल सुविधाओं के विस्तार के तहत दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम के अन्दर रेनोवेशन के कार्य किये जा रहे है। इसी प्रकार धवारी स्टेडियम का भी विकास किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि सिविल लाइन एरिया में कोठी चौराहा हेलमेट की संरचना के पास गार्बेज स्टोरेज सिफ्ट कराया जाये। जल संसाधन विभाग से जिले में बनाये जा रहे बड़े बांधों की जानकारी ली गई राज्यमंत्री ने पारम्परिक उर्जा और उर्जा विभाग के समन्वय से जिले में सोलर प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं को तलाश करने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट सिटी इन्क्यूवेशन सेंटर का बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार महाविद्यालयीन छात्रों के बीच किया जाकर उपयोगिता साबित करें। उन्होंने कहा कि शहर में सड़कों पर आवारा विचरने वाले पशुओं की व्यवस्था के लिए योजना बनायें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले के तीन ब्लाकों में 220 नल जल योजनायें स्वीकृत है। जिनमें से 149 नल जल योजनायें पूरी कर ली गई है। विभाग को हैण्डपम्पों के शीघ्र सुधार कराने के निर्देश दिये गये। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने सभी विकास और निर्माण विभागों से प्रस्तावित कार्यों के शासन को भेजे गये प्रस्तावों के बारे में जानकारी लेकर शासन स्तर पर आवश्यक पहल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रति सप्ताह शनिवार को विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

# प्रधानमंत्री आवास में घुसकर युवक को मारा छुरा

### नकाबपोश बदमाशों ने किया हमला, अमेजन कंपनी में काम करता है घायल



सतना।

शहर की पीएम आवास कॉलोनी में नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक,कोलगवां थाना अंतर्गत उतैली स्थित पीएम आवास कॉलोनी में शुक्रवार की रात चार नकाबपोश बदमाशों ने शिवशंकर साद पिता जगबंधु साद (35) निवासी ग्वारीघाट जबलपुर पर कांच की बोतलों और चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में शिवशंकर को गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों की मदद से देर रात उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज जारी है। बताया जाता है कि घायल शिवशंकर अमेजन कंपनी में सेल्स मैनेजर के तौर पर कार्यरत है। वह यहां पीएम आवास कॉलोनी के ई ब्लॉक 24 में रेशमा मिश्रा के नाम से आवंटित फ्लैट नम्बर 101 को किराए पर लेकर रह रहा है। शुक्रवार रात वह ऑफिस से कामकाज निपटा कर जैसे ही घर पहुंचा और दरवाजा बंद कर अंदर दाखिल हुआ तो पीछे से दरवाजे पर दस्तक हो गई। उसने जैसे ही दरवाजा खोला सामने नकाबपोशों ने दनादन बोतल और चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। लगभग 10 मिनट तक वे शिवशंकर पर वार करते रहे। इस बीच शिवशंकर चीख-पुकार मचाने लगा जिसे सुनकर आसपास के लोग उधर आने लगे। उन्हें देख कर बदमाश शिवशंकर के घर की कुंडी बाहर से लगा कर भाग गए। घायल ने बताया कि हमलावरों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच रही होगी। उनमें से दो ने मंकी कैप लगा रखी थी जबकि 2 ने मफलर से मुंह बांध रखे थे। उसने बताया कि दो-तीन दिन पहले भी बाइक सवार युवकों ने उसका बैग छीन लिया था।

# ओवरलोड परिवहन पर 3 ट्रक किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जबलपुर से ओवरलोड गिट्टी कटनी लाए जाने की शिकायतों के मद्दे नजर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा खनिज विभाग को सतर्कता बरतते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा दिए गए निर्देशों के आधार पर सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा ने अपनी टीम के साथ छाप मार्ग कार्यवाही करते हुए श्रीनगर के पास तीन ओवर लोड ट्रकों को जप्त किया। पकड़े गए तीनों ओवरलोड ट्रक स्लीमनाबाद थाने में खड़े कराए गए हैं।

## छात्रों के उपस्थित होने पर कोर्स पूर्ण कराने के शिक्षकों को दिये निर्देश

# कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ नें स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा जिले के शासकीय स्कूलों के रिजल्ट मे सुधार लानें हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा विभागीय अमले के साथ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबन्द, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिहुंटा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाकल का औचक निरीक्षण किया जाकर वहां की शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिहूंटा में छात्रों की उपस्थिति दर्ज छात्र संख्या के अनुरुप पाई गई। खराब मौसम के कारण बहोरीबन्द और बाकल में छात्रों की उपस्थिति में अंतर पाये जाने पर विद्यार्थिओं की उपस्थिति बढाने के निर्देश प्राचार्यों को दिये गये। साथ अनुपस्थित विद्यार्थिओं के उपस्थित होने पर जो कोर्स पूर्ण नहीं हुआ है उसे पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये गये।

निरीक्षण में स्कूलों में मिशन आधार मिशन 45 और फाईनल 30 का अभ्यास उपस्थित विद्यार्थिओं की अभ्यास पुस्तिका में देखने को मिला। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि द्वारा स्कूलों के औचक निरीक्षण का कार्य आगे भी अनवरत जारी रखा जायेगा।

# जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर नल से जल पहुंचाने को लेकर जोर



**सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल-जीवन मिशन के अंतर्गत जहां हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है। वहीं आंगनवाड़ियों व विद्यालयों में भी सुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके इसको लेकर फोकस किया जा रहा है। प्रभारी कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संघप्रिय के द्वारा जहां विशेषतौर पर मॉनीटरिंग पर जोर देते हुए जिम्मेदारों को तत्परता से इस पहल को जमीनी रूप पर अंजाम देने के लिए दिशा दी गई है।**



**पन्ना**। निश्चित ही जल ही जीवन है जीवन के लिए जल का महत्व अपने आप में स्वयं ही सभी लोग जानते है। सरकार के द्वारा भी जहां जल-जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल के माध्यम से सुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना जो निश्चित समय लगभग 2024 में ही प्रदान कराने का जो लक्ष्य था उस पर अब समय आ गया। जिसको लेकर जहां प्रभारी कलेक्टर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघप्रिय के द्वारा भी जहां विशेष फोकस करते हुए जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जो कार्य किये जाने है इसको सतप्रतिशत अंजाम तक पहुंचाने के लिए मॉनीटरिंग के माध्यम से जोर दिया गया है। वहीं आंगनवाड़ियों व शासकीय विद्यालय में सुद्ध पेयजल को लेकर जो कार्यवाही अंजाम के रूप में दी गई है उसकी भी जमीनी हकीकत की पड़ताल की जा रही है। वास्तविकता में जल को लेकर अब जिस तरह से जल जीवन मिशन के तहत कार्य किये जाने थे वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल से जल की जो योजना शासन के द्वारा प्राथमिकता पर लागू की गई थी। वह सायद सपने अब सकार होने का समय जरूर माना जा रहा है। जब इस तरह से विशेष फोकस किया जायेगा तो निश्चित ही आने वाले समय में नल से हर घर जल पहल अंजाम तक पहुंचेगी वहीं आंगनवाड़ियों व विद्यालयों में भी सुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा तय होगी। वर्तमान में पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत लुहरहाई में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए बात बताई जा रही है वहीं आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी जल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है इस तरह से आगे भी जहां जमीनी हकीकत में योजना का क्रियान्वयन किये जाने को लेकर जो जोर दिया जा रहा है इससे सायद अब जल जीवन मिशन जमीनी रूप पर कारगर साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### थानों और चौकियों की सीमाओं का निर्धारण करेगी कलेक्टर समिति

**पन्ना**। राज्य शासन ने आदेश जारी कर जिले में थानों और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार जिला कलेक्टर समिति को दे दिया है। गत गुरुवार को गृह विभाग से जारी आदेश में सीमाओं के पुनर्निर्धारण की कार्यवाही आगामी 15 जनवरी तक करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश में थानों और चौकियों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के संबंध में अनुभाग और जिला स्तर पर बैठकें आयोजित कर जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से सुझाव प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं। सचिव गृह ने 30 जुलाई, 2010 के निर्देशानुसार गठित समिति को थानों और चौकियों का पुनर्निर्धारण लोकहित में युक्तिसंगत तरीके से करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न जिलों में नये थानों का सृजन किया गया है। सृजन के बाद थानों की सीमाओं को युक्तिसंगत बनाने के लिये पुर्ननिर्धारण की आवश्यकता है। निर्देशानुसार 7 फरवरी, 2024 तक सीमा पुनर्निर्धारण संबंधी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना को गृह विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। शासन के निर्देशों के पालन में जिले के अंदर थानों एवं चौकियों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के संबंध में जिला स्तर पर सोमवार, 8 जनवरी को शाम 5 बजे बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में सांसद एवं विधायकगण सहित पुलिस अधीक्षक, जिला अभियोजन अधिकारी और संबंधित सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों को भी पुनर्निर्धारण के संबंध में प्रस्ताव सहित आमंत्रित किया गया है। जिला कलेक्टर ने सभी एसडीएम, एसडीओपी और सहायक जिला अभियोजन अधिकारियों को भी अनुविभाग स्तर पर बैठक कर समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### अग्निवीर वायु भर्ती के लिए 17 जनवरी से करें आवेदन

**पन्ना**। भारतीय वायु सेना में अग्निवीर बनने के इच्छुक युवा 17 जनवरी से 6 फरवरी तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर वायु के लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से होगी। अभ्यर्थी का जन्म 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के मध्य होना चाहिए। भर्ती के लिए पद की श्रेणी अनुसार शैक्षणिक योग्यता भी निर्धारित है। विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों को इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ गणित, भौतिकी और अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है। अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक आवश्यक है। इसके अलावा पद श्रेणी अनुसार मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से किसी भी स्ट्रीम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है। अधिक जानकारी के लिए अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### समूचा दिन कोहरे व शीत लहर के चलते ठिठुरन को लेकर जाना गया



**पन्ना**। मौसम की मार कहीं लाभ दायक तो कहीं भारी क्षति को लेकर भी जानी जा रही है। जिस तरह से लगभग चार दिवस बीतने को चले कोहरे व शीत लहर की चपेट के चलते ठिठुरन के हालात तो कायम है ही वहीं बारिश होने से भी जहां यह ठण्ड अपने आप में दुगनी हो चुकी है। साथ ही कृषि फसलों की बात करे तो जिन फसलों में फूल आ चुके थे अचानक यह मौसम भारी पड़ रहा है। बारिश व हवाओं से फूल का झड़ना माना जा रहा है वहीं गेहूं, जैव तथा लेट चने की फसल के लिए यह बारिश अमृत के समान मानी जा रही है। साथ ही मौसम इसी हालात को लेकर अगर कायम रहा तो आगे भी कहीं न कहीं भारी क्षति है फसलों में मानी जायेगी। जो फसले फूल पर थी वहीं आम जनजीवन इस मौसम के चलते प्रभावित हो रहा है घरों से निकलने के लिए सोचना पड़ रहा है। कोहरे का होना व हल्की बारिश जैसे हालात समूचे दिन देखे गये।

## हरीरा निवासी भारत लोधी की मौत में पुलिस कब तक पर्दाफास करेगी

**सलेहा**। थाना सलेहा अंतर्गत ग्राम हरीरा में पानी की टंकी में 4 जनवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की शव मिलने की घटना सामने आई थी। जिसकी सिनाख्त के बाद पहचान के रूप में ग्राम हरीरा निवासी भारत लोधी पिता अनुरूद्ध लोधी के रूप में सामने आई थी। जहां उक्त व्यक्ति भारत लोधी की गुमसुदगी की रिपोर्ट 2 जनवरी को सलेहा थाना में दर्ज कराई गई थी। भारत लोधी के भाई शिवगोविन्द लोधी ने उक्त मामले में बताया था कि 1 जनवरी को खेत में बसने के लिए घर बताकर निकला था। फिर इसके बाद लौटकर नहीं आया। परिचितों व रिश्तेदारों के यहां पता करने के बाद जब कुछ पता नहीं चला तो 2 जनवरी को सलेहा थाना में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। वहीं थाना प्रभारी सलेहा के बताये अनुसार ग्राम हरीरा में पानी की टंकी में शव मिला है पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया था। 2 जनवरी को गुमसुदगी के बाद जहां यह दास्ता सामने आई जिससे आखिरकार अब यह सवाल बन गया कैसे हुई मौत भारत लोधी की अब यह तो पड़ताल का विषय है। सलेहा पुलिस ही मामले का पर्दाफास करेगी। कैसे हुई दास्ता घटित। फिलहाल मामले में पुलिस पड़ताल में जुटी है।

## जन शिक्षा केंद्र कन्या अमानगंज में 1 से 3 कक्षा पढ़ाने वाले शिक्षकों की समीक्षा बैठक संपन्न



**अमानगंज**। जन शिक्षा शासकीय कन्या शाला अमानगंज अंतर्गत कक्षा 1, 2, 3 पढ़ाने वाले शिक्षकों को बुलाया गया एवं एफ एल एन उन्मुखीकरण ट्रैकरसीट, शिक्षक संदर्शीका, अभ्यास पुस्तिका के संबंध में आने वाली विभिन्न कठिनाइयों के निवारण पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जन शिक्षा केंद्र प्रभारी मनीष कुमार रेजा, दोनों जन शिक्षक शिवाकांत पांडे एवं संत कुमार कुशवाहा एवं ब्लॉक गुनौर के एम टी राजकुमार दुबे तथा शिक्षक शेख कुलजम सहित जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

## धान खरीदी में किसानों को पहली बार समय पर खाते में पहुंच रही है राशि

### जिला प्रशासन की तत्परता से धान खरीदी में किसानों के लिए जो पिछली वर्ष हालात बिगड़े थे अब बदले हालात किसानों के खातों में समय पर पहुंचने लगी राशि



**पन्ना**। जिले में धान खरीदी जो सीधेतौर पर मामला चुनौतीभरा था। जहां धान खरीदी को लेकर धान का उठाव यानि की विक्रय केन्द्रों में व्यवस्था के साथ किसानों की धान की तुलवाई वहीं संबंधित गोदामों तक धान पहुंचाना सबसे बड़ा सवाल। किसानों को अपने माल की राशि खाते में समय पर मिलना जो पहली बार जिला प्रशासन के तत्परता से संभव हुआ। किसानों के खातों में समय पर राशि पहुंचने लगी। यही विश्वास शासन की कार्यप्रणाली को लेकर तत्परता से जो कार्य किये जाते है उस पर कायम होता है। जिले में पिछले बार धान खरीदी के मामले बाखूबी चर्चा में रहे किसानों की राशि महीनों खातों में नहीं पहुंचती थी। हालात बदले जहां स्वयं जिला प्रभारी कलेक्टर ने इस पर विशेषतौर पर जिम्मेदारों को सजग किया गया था जिसके चलते परिणाम निश्चितौर पर अलग जाने गये। जहां किसानों की धान तुलने के बाद लगभग दस दिवस में ही खाते में में राशि पहुंचने लगी। यह किसानों से जुड़ा मामला अपने आप में संतुष्टि को लेकर माना जा रहा है। वहीं धान खरीदी में व्यवस्था को लेकर भी बड़ी चुनौती थी। जिसको बाखूबी कहीं न कहीं प्रयास के चलते सार्थक दिशा तय की गई है। वर्तमान समय में मौसम के हालात भी जहां खरीदी केन्द्रों में समस्या को लेकर विपरीत परिस्थितियां मानी जा रही है। फिर भी कार्य प्रणाली के चलते किसानों की सबसे बड़ी समस्या जो धान विक्रय होने के बाद राशि का महीनों पता नहीं चलता था अब हालात स्वयं ही संतुष्टि को लेकर माने जाते है जहां दस दिवस में ही किसानो के खाते में राशि पहुंच रही है। जो प्रशासन की तत्परता से ही संभव हो रहा है।

## सिद्धार्थ शोध संस्थान एवं दिव्यांग बालिका आश्रम में मनाया गया दृष्टिबाधित कन्या का जन्मोत्सव

**नगर की इंद्रपुरी कॉलोनी में संतोष दुबे संचालित कर रहे हैं दिव्यांग बालिका आश्रम**




**पन्ना**। नगर की प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्था सिद्धार्थ शोध संस्थान एवं दृष्टिबाधित बालिका आश्रम के संचालक संतोष दुबे के द्वारा 6 जनवरी 2023 को अपने आश्रम में अध्यनरत बालिका शिवानी का 15 वां जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर कोषालय से श्री प्रजापति, पत्रकार संजय सिंह राजपूत एवं सामाजिक कार्यकर्ता शेख अंजाम सहित आश्रम में अध्यनरत दृष्टिबाधित बालिकाओं के परिजन एवं संस्था का स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर माता सरस्वती के पूजन और पुष्प अर्पण उपरांत केक काटकर शिवानी का जन्म उत्सव मनाया गया। उपस्थित अतिथियों ने उपहार प्रदान कर बालिका को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी इसके बाद भोज कार्यक्रम रखा गया और अंत में बालिकाओं ने मधुर आवाज में शानदार गीतों की प्रस्तुति दी बता दें कि सिद्धार्थ शोध एवं जनकल्याण विकास संस्थान के द्वारा अन्य सामाजिक कार्यों के अलावा दृष्टिबाधित कन्या आश्रम भी संचालित किया जा रहा है जहां शिक्षा और संरक्षण बिना किसी शासकीय सहयोग के दिया जा रहा है। फिलहाल लगभग 8 बालिकाएं आश्रम में रह रही हैं और संस्था के द्वारा लगभग आधा सैकड़ा दृष्टिबाधित और मूकबधिर बालिकाओं का सर्वे किया गया है और उनके लिए भी आश्रम में व्यवस्थाएं करने की तैयारी की जा रही है।

## विभागीय योजनाओं का ठीक से हो क्रियान्वयन-राज्यमंत्री श्री पटेल



**दमोह**। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने मंत्रालय में कार्यभार गृहण करने के पश्चात विभागीय समीक्षा बैठक लेकर विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन करने निर्देश दिये। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अपर सचिव अनुराग चौधरी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संचालक डॉ आरके मेहिया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति के संबंध में भी निर्देश दिये। श्री पटेल ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग से संबंधित संकल्प पत्र के बिंदुओं के क्रियान्वयन संबंधी योजना तैयार करने के निर्देश भी समीक्षा बैठक में दिये।उन्होंने प्रदेश में पशुधन की स्थिति,गौशाला,विभाग द्वारा संचालित एम्बुलेंस,कॉल सेंटर आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिये। प्रमुख सचिव गुलशन बामरा द्वारा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन,वित्तीय लक्ष्य एवं उनकी पूर्ति संबंधी की जानकारी सहित विभाग से संबंधित अन्य जानकारी से राज्यमंत्री श्री पटेल को अवगत कराया गया।

## केन नदी की रेत को कब सुरक्षित करने के लिए जागेगा प्रशासन

**बिना रॉयल्टी केन से जिले की सीमा की रेत बाखूबी छतरपुर कॉन्टेक्टर जिसका टेण्डर हुआ उनकी बल्ले-बल्ले मानी जा रही है। वहीं पन्ना जिले को रॉयल्टी भी नसीब नहीं। जरूरत है केन नदी में जिले की सीमा की रेत सुरक्षित को लेकर सीमा निर्धारत के तहत कार्यवाही को लेकर की जाये पहल।**



**बिना रॉयल्टी रेत का कारोबार कब लेगा विराम**

**पन्ना**। जिले में केन नदी से रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन भले ही रोकने के लिए कार्यवाही कई बार की जाती है। पर वह कारगर दिशा पर साबित नहीं हो पा रही। जब तक विराम न लगे जब तक कार्यवाही का संदेश क्या। वहीं प्रशासन के द्वारा क्या पन्ना जिले की केन नदी की सीमा को ध्यान में रखते हुए रेत को सुरक्षित करने के लिए ठोस पहल की जायेगी या फिर इसी तरह बिना रॉयल्टी के रेत का उत्खनन होता रहेगा। वहीं जिले का प्रतिदिन लाखों रूपये की राशि रॉयल्टी के रूप में जो आनी चाहिए उसकी क्षति को नकारा नहीं जा सकता। साथ ही बात करें तो भले ही पन्ना जिले में केन नदी में कोई टेण्डर रेत को लेकर नहीं हुआ पर छतरपुर जिले में टेण्डर की आड़ में जहां रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन बाखूबी जारी रहता है। साथ ही केन नदी की किनारे के गांवों में रेत का कारोबार बाखूबी चलता रहता है। आखिर इस पर कब कार्यवाही होगी वहीं रेत को लेकर केन नदी में अस्थाई पुल कभी भी बन जाते है आखिर किसकी स्वीकृति से ये पुल बन जाते है जहां हमारे जिले की सीमा से रेत का परिवहन बाखूबी होता रहता है कहने को तो पुलिस चौकियां पर इन पर मेहरबानी रहती है आखिर सीमा निर्धारत की बात थानों की जा रही है क्या केन नदी की सीमा को ध्यान में रखकर रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन के कारोबार पर नजर डाली जायेगी जिससे लगे विराम। आखिर जिले की लाखों रूपये की रॉयल्टी जो क्षति मानी जा रही है उस पर होगा गौर। देखना यह है कि केन नदी की रेत को लेकर सुरक्षित करने की दिशा कब जमीनी रूप पर अमल में लाई जायेगी यह तो वक्त ही तय करेगा। यहां यह भी सत्यता की पुष्टि होती है जब प्रशासन की नजर जाती है तो अवैध पुल सामने आते है तुड़वानी की कार्यवाही भी होती है आखिर फिर वही हालात भले ही दूसरे जगह बन जाते है पर अस्थाई तौर पर पुलों का निर्माण केन नदी में किसकी मर्जी से हो जाता है कौन है जिम्मेदार कहीं न कहीं पोषित करने के लिए प्रशासन को नकारा नहीं जा सकता। आखिर जिम्मेदार चाहे तो कैसे संभव क्या पुल एक दिन बन जाता है या इससे परिवहन जब होता है तो किसकी सीमा से रेत की गाड़ियां गुजरती है आखिर बात सब जानते है पर कानून का पालन कराये जाने को लेकर स्वयं सोच साबित करनी होगी ताकि जिले की केन नदी की सीमा की रेत जो अवैध तरीके से दूसरे जिलों को पहुंचती है वहीं पन्ना जिले को भारी क्षति होती है आखिर कार्यवाही कब वास्तविकता में की जायेगी ताकि इस पर लगे सम्पूर्ण विराम।

## लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं करवाया जा रहा मरम्मत कार्य

### आखिर लोक निर्माण विभाग पन्ना क्यो है इतना बेपरवाह?

**पन्ना**- पन्ना जिले का लोक निर्माण विभाग भृस्टाचार के दलदल में इस कदर लिप्त है कि चुनाव आयोग के निर्देशों का खुलेआम माखौल उड़ा रहा है। परफार्मेंस की सड़कों में मरम्मत कार्य करवाने की बजाय ठेकेदारों से मिलीभगत कर अपनी जेबो को भारी किया जा रहा है। वैसे तो बरसात के बाद सभी सड़को का मरम्मत कार्य शुरू हो जाना चाहिए लेकिन चुनाव आयोग के निर्देशों के बाद भी सड़को के गड्ढे न भरे जाना लोक निर्माण विभाग पन्ना के अधिकारियों की तानाशाही का परिचायक है।चुनाव के पहले गड्ढे भरने के निर्देश थे लेकिन आश्चर्य यह है कि अभी गड्ढे नही भरे गए लेकिन किसी जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने लापरवाह विभाग पर कोई कार्यवाही करने की हिमाकत नही की।

**कटन-गिरवारा रोड बनी भृस्टाचार का नमूना**

पन्ना जिले के लोक निर्माण विभाग की कटन गिरवारा सड़क भृस्टाचार का नमूना मात्र है,यदि इस सड़क की बात करे तो इस सड़क के पूर्ण होने के बाद पहली बारिश में ही परखच्चे उड़ गए थे पन्ना जिले की मीडिया द्वारा कई बार खबरे प्रकाशित करने के बाद इस सड़क के मरम्मत कार्य की खानापूर्ति की गई थी,यह सड़क अभी भी परफार्मेंस गारंटी में है लेकिन इस लावारिश सड़क में जगह जगह जानलेवा गड्ढे है ,मरम्मत कार्य के नाम पर केवल दो चार गड्ढे भरकर कर्तब्य पूरा कर लिया गया।

**तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर मरम्मत की मात्र खानापूर्ति**

पन्ना लोक निर्माण विभाग द्वारा तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर ठेकेदार से मिलीभगत कर मरम्मत कार्य करवाया जाता है,तकनीकी मापदंडों के हिसाब से परफार्मेंस गारंटी की सड़कों में मरम्मत कार्य के दौरान सभी गड्ढो की कटिंग कर पूरी ढीली डामर गिट्टी निकालकर नई डामर गिट्टी भरकर उसे रोलर द्वारा प्रेस किया जाना चाहिए लेकिन जहां भी ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य किया गया तो मात्र कुछ गड्ढो में डामर और डस्ट का बुरादा डालकर मनमाने तरीके से खानापूर्ति कर ली गई,अधिकांश जानलेवा गड्ढे छोड़ दिये गए और जिन गड्ढो में डामर गिट्टी डाली भी गई उनको प्रेस नही किया गया जिस कारण डामर



गिट्टी बितर गई और फिर जस के तस गड्ढे हो गए,विभाग के उपयंत्री,सहायक यंत्री ,कार्यपालन यंत्री को निरीक्षण की कभी फुर्सत ही नही मिलती या जान बूझकर ठेकेदार को मनमानी की खुली छूट दी गई क्योंकि तयशुदा कमीशन पहले ही मिल ही गया या फिर मरम्मत कार्य का पैसा डकारने की साजिश चल रही। म प्र के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी सुशासन की दिशा में कठोर निर्णय ले रहे है लेकिन जिस कदर पन्ना जिले का लोक निर्माण विभाग अपने पदीय दायित्वों का प्रति बेपरवाह है इससे साफ जाहिर है कि इस कदर के लापरवाहों के कारण भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री की किरकिरी होना स्वाभाविक है। यदि कोई भी अभिकारी या जनप्रतिनिधि कटन से मढ़ी मोड़ तक कि सड़क का निरीक्षण करने की हिमाकत कर ले तो लोक निर्माण विभाग की सच्चाई स्वयं सामने आ जायेगी।

**खबर संक्षेप**

## निर्वाचन नामावली प्रारूप प्रकाशन के उपरांत राजनैतिक दलों को नामावली की प्रति सौंपी



**छतरपुर।** भारत निर्वाचक आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष पुनरीक्षण 2024 के कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन नामावली के प्रारूप का प्रकाशन के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ शनिवार को कलेक्ट्रेट छतरपुर में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर रमन, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली 2024 के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत राजनैतिक दलों को नामावली की प्रति सौंपी गई।

## तेंदुए को जान से मारने के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार



**बिजावर।** वनपरिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मैंदनीपुरा के समीप 5 दिसम्बर को एक लोहे के फंदे में जंगली जीव तेंदुआ फंसा हुआ पाया गया था जिसे वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया था और बाद में इस तेंदुए की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले की जांच करते हुए वन अमले ने गांव के ही पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने जंगली जानवर सुअर के शिकार के लिए यह तार बांधा था जिसमें फंसकर तेंदुए की मौत हो गई थी। बिजावर वन परिक्षेत्र के रेंज ऑफिसर एके तिवारी ने बताया कि तेंदुए की मौत के बाद उसका पोस्टमार्टम कर उसका दाह संस्कार किया गया था और फिर इस मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच में पाया गया कि मैंदनीपुरा निवासी हरिशंकर तिवारी, जगदीश विश्वकर्मा, बल्ला आदिवासी, दयाराम सेन, रंका आदिवासी ने ही जंगली सुअर के शिकार के लिए यह तार बांधा था जिसमें अचानक तेंदुआ फंस गया। इस तार में फंसे तेंदुए को कई दिनों तक भोजन नहीं मिला जिससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर पन्ना से आई रेस्क्यू टीम ने इस तेंदुए का ऑपरेशन किया था लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी थी। अब इस मामले में पकड़े गए पांचों आरोपियों पर वन अधिनियम 1927 के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची महाराजपुर

**महाराजपुर।** बीते दिनों हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा का बीते दिनों आगाज हुआ था। इसी तारतम्य में नगरपालिका महाराजपुर में 6 जनवरी को सुबह 12 बजे नगर पालिका प्रांगण रथ यात्रा पहुंची। हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा के तहत केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचे यह मुख्य उद्देश्य माना जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह एवं तहसीलदार, नगर पालिका सीएमओ विवेक नारायण मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष सपना खटीक, उपयंत्री महेश असाटी, मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौरसिया तमाम परिषद के पाषर्दगढ़ मौजूद रहे। क्षेत्रीय विधायक ने अपने उद्बोधन में केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रधानमंत्री उज्वला योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बीपीएल महिलाओं को 82 लाख से अधिक मुक्त एलपीजी कनेक्शन दिये, पीएम मुद्र योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,सही पोषण देश रोशन,पीएम स्वनिधि योजना,पीएम सुरक्षा बीमा योजना,पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन योजना अटल पेंशन योजना के साथ-साथ तमाम योजनाओं के बारे में लोगों को बताया।

### नपा ने मशीन से पानी निकाल डस्ट डाल बनाई व्यवस्था

# बारिश से मेला हुआ कीचड़ कीचड़

**नौगांव।** शहर में 2 दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश से एक्सीलेंस स्कूल के खेल मैदान में लगे मेले में कीचड़ मचने से दुकानदारों के साथ साथ मेले में आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। नपा ने हो रही समस्याओं को देखते हुए सक्सेसन पंप मशीन से गड्ढों में भरे पानी को हटाते हुए गड्ढों और कीचड़ में डस्ट डालकर रास्तों एवं मैदान को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के रहवासियों के साथ साथ ग्रामीणों के मनोरंजन एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमें मेला महोत्सव के तहत शहर में मेला, क्रिकेट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कबड्डी आदि खेल सहित अन्य आयोजन कराए जाते हैं। इसी मेला महोत्सव के तहत इस बार नपा द्वारा 68 वा मेला महोत्सव के तहत एक्सीलेंस स्कूल के खेल मैदान में 02 जनवरी से मनोरंजन एवं व्यवसाय का मेला आयोजित हो रहा है। बीते दो



तीन दिनों से मौसम में हुई परिवर्तन के बाद बुधवार, शुक्रवार को रुक रुक कर रो रही बारिश मेले के दुकानदारों के लिए मुसीबत बन रही है तो वहीं मेले में आने वाले लोगों को भी कीचड़ एवं दलदल भरे मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी के निर्देश पर स्वच्छता निरीक्षक संदीप राजपूत, सफाई दरोगा संतोष तिवारी सहित स्वच्छता कर्मचारियों के सहयोग से नपा की मशीनरी से व्यवस्था बनाने में जुट गए। कर्मचारियों ने नपा की सक्सेशन मशीन की सहायता से मेला मैदान एवं मार्गों के गड्ढों में भरे पानी को निकाला गया तो वहीं कीचड़ एवं दलदल भरे मार्गों से निजात के लिए कीचड़ को साफ करके डस्ट,मुरम आदि डलवाकर मेले की व्यवस्था सुधारने के प्रयास किए गए। इस दौरान नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी, पार्षदगण, सफाई दरोगा संतोष तिवारी, मंगल सिंह, समीर मंसूरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## थाने के सामने से मोबाइल दुकान से रात में ताला तोड़कर हुई चोरी

### एसडीओपी ने राजनगर थाना पहुंचकर मामले का किया खुलासा



**खजुराहो।** राजनगर पुलिस थाना के सामने से एक मोबाइल दुकान से बीती रात को ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्य मोबाइल रिपेयरिंग दुकान के संचालक सत्यप्रकाश गुप्ता रोज की तरह सुबह अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा पड़ा है, जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो 11 हजार नगदी तथा 7 एंड्रॉयड मोबाइल एवं 1 ब्लूटूथ कीमत लगभग 2 लाख रुपये चोरी हो गए हैं। उन्होंने तुरन्त पुलिस थाने में उक्त चोरी के संबंध में थाना प्रभारी को आवेदन दिया। पुलिस ने उक्त चोरी का पता लगाने का प्रयास शुरू कर दिया। इसी बीच ग्राम खजवा निवासी किसी युवक द्वारा एक अन्य जगह 2 नए मोबाइल कम कीमत पर बेचने का प्रयास किया तो खरीदने वाले को शक हो गया उसने उक्त युवक से मोबाइल खरीदने के पहले बिल मांगे तो उक्त युवक पोल खुलने के डर से बिल लाने के बहाने गया तो फिर लौटा ही नहीं। इसी दौरान चोरी की जानकारी मिलने पर मोबाइल की शिनाख्त कराई तो सत्यप्रकाश गुप्ता ने अपने मोबाइल की पहचान कर ली। पुलिस ने उक्त मोबाइल खरीदने वाले युवक से मोबाइल लाने वाले युवक के बारे में पूंछतांछ की साथ ही नाम नहीं बता पाने पर सख्ती से पूंछा तो उसने चेहरा पहचानने को कहा। पुलिस उसे अपने साथ लेकर ग्राम खजवा गई और आरोपी के न मिलने पर उसके पिता को थाने ले आई। इस दौरान नवागत टीआई सिद्धार्थ शर्मा ने पुलिस अमले के साथ सक्रियता दिखाई और चोरी का माल बरामद करते हुए चोरों को पकड़ लिया जिसका खुलासा एसडीओपी खजुराहो सलिल शर्मा ने रात्रि 8 बजे राजनगर थाना पहुंचकर किया। पुलिस के अनुसार फरियादी की रिपोर्ट पर राजनगर थाने में अपराध क्र.7/24 धारा 457,380 के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही प्रारम्भ की तथा चोरी गए 7 एंड्रॉयड मोबाइल तथा एक ब्लूटूथ कीमत लगभग 2 लाख रुपए तथा नगदी 5 हजार रुपए बरामद कर लिए साथ ही एक आरोपी सहित 3 नाबालिक आरोपियों को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में ले लिया जहां से उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाएं प्रकाश में आई हैं जिससे ऐसा लगता है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं। पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने तथा आने वाले समय में चोरी की घटनाओं को रोकना नवागत टीआई सिद्धार्थ शर्मा के लिए चुनौती होगा।

## पहली बार छतरपुर कचरा मुक्त शहर की थ्री स्टार रेटिंग में शामिल हुआ, कलेक्टर ने दी बधाई

छतरपुर। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एवं अर्बन अफेयर्स भारत सरकार द्वारा जारी नवीन गार्बेज फ्री सिटीज की रेटिंग में छतरपुर द्वारा 3 स्टार प्राप्त किया गया है। स्टार रेटिंग की शर्तें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन स्पेक्ट्रम में 25 प्रमुख मापदंडों पर आधारित हैं और शहरों को उनकी प्रगति का आकलन करने में मदद करती है।



कलेक्टर संदीप जी.आर. ने इस उपलब्धी के लिए सीएमओ माधुरी शर्मा सहित पूरी स्वच्छता टीम को बधाई दी है। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में छतरपुर नगर पालिका द्वारा शहर को कचरा मुक्त शहर बनाए जाने हेतु लगातार सतत प्रयास किए गए जिसमें नवीन कचरा वाहन खरीदे गए एवं घर-घर कचरा कलेक्शन कराया गया। उल्लेखनीय है कि पहली बार छतरपुर कचरा मुक्त शहर की थ्री स्टार रेटिंग में शामिल हुआ है।

कलेक्टर श्री जी.आर. के निर्देशन में शहर को बिन फ्री बनाने हेतु जितने भी बड़े डस्टबिन थे उन्हें हटाया गया एवं शहर से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कराया गया। साथ ही वार्डवार कचरा कलेक्शन वाहनों के रूट निर्धारित कर संचालन कराया गया और शहर वासियों के लिए वार्ड अनुसार व्हाट्सएप गुरप बनाया गया जिसमें कचरा वाहन पहुंच की जानकारी दी गई। इस सुविधा से समय पर कचरा कलेक्ट करने में आसानी हुई तथा तीव्र रोशनी वाली हाईमस्ट लाइट लगने से विभिन्न जगहों पर लोंगो द्वारा कचरा फेंकना बंद हुआ। शहर में विभिन्न स्थानों पर व्यवसायिक क्षेत्र में लिटरविंस लगाए गए। व्यवसाय क्षेत्र में प्रतिदिन तीन बार सफाई की गई, प्रतिदिन नाइट स्वीपिंग की गई प्रत्येक वार्ड में व रहवासी क्षेत्र में नगर पालिका के स्वच्छता मित्रों व स्वच्छता सुपरवाइजर की जानकारी दीवारों पर लिखवाई गई। समय-समय पर जागरूकता अभियानों के माध्यम से भी लोगों को शहर को कचरा मुक्त बनाने हेतु जागरूक किया गया किया गया। नगर पालिका छतरपुर द्वारा कचरा पर संस्करण केंद्र सुचारू रूप से चलाया गया जिसमें जिसमें चार प्लांट एमआरएफ प्लांट कंपोस्टिंग प्लांट एफटीपी प्लांट एवं सीएमडी प्लांट का संचालन एवं संधारण नियमित किया गया शहर को कचरा मुक्त शहर (जीएफसी) में 3स्टार रेटिंग प्राप्त हुई। उल्लेखनीय है कि यह रेटिंग स्वच्छता के उच्च मानकों की दिशा में प्रगति करने के लिए शहरों की आकांक्षाओं पर आधारित है। पारदर्शिता और मानकीकरण सुनिश्चित करने के लिए स्टार रेटिंग एक मजबूत सत्यापन तंत्र द्वारा समर्थित है। एक निश्चित स्टार रेटिंग प्राप्त करने के लिए शहरों को स्व-मूल्यांकन और स्व-सत्यापन करना आवश्यक था। इस स्व-घोषणा को 1-स्टार, 3-स्टार, 5-स्टार और 7-स्टार कचरा मुक्त रेटिंग के लिए मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एवं अर्बन अफेयर्स भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष एजेंसी ज्ञ।छज्।त के माध्यम से सत्यापित किया गया था।

## दिल्ली और नोएडा के मध्य खेला जाएगा पहला सेमीफाइनल मुकाबला



### जीत के बाद भी कानपुर नहीं बना सकी सेमीफाइनल में जगह

**नौगांव।** राजा यादवेन्द्र सिंह जू देव स्टेडियम में खेले जा रहे अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत शनिवार को खराब मौसम के चलते केवल एक मैच ही खेला गया जो कानपुर और गाजियाबाद के मध्य खेला गया था जबकि जो पहला मैच खेला जाना था वह नोएडा और नौगांव के मध्य खेला जाना था लेकिन खराब मौसम के चलते दोनों टीमों को एक एक अंक दे दिया गया था। शनिवार को खेले गए कानपुर और गाजियाबाद के मैच में गाजियाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए गाजियाबाद ने निर्धारित 20 ओवर में 09 विकेट पर 130 रन बनाए और कानपुर को जीत के लिए 131 रनों का लक्ष्य दिया। गाजियाबाद की ओर से हर्ष पांडे ने सर्वाधिक 36, रोनक ने 25, कुनाल ने 18 और जय निगम ने 17 रन बनाए, जबकि कानपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए रहमान ने सर्वाधिक 03, सचिन पांडे और आदित्य दीक्षित ने दो-दो और विनायक सिंह और सुंदरम ने एक एक विकेट लिए।सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए कानपुर को इस मैच को 9.05 ओवर में जीतना था जिसके लिए लक्ष्य का पीछा करने एवं सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए जैसे ही मैदान में ओपनिंग जोड़ी आई वैसे ही उनके दोनों सलामी बल्लेबाज सुंदरम दीक्षित और पंकज कुमार 04- 04 रन बनाकर जल्द ही पवेलियन लौट गए जिसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे विनायक सिंह के शानदार 69 रन और रहमान के शानदार 27 रनों की बदौलत कानपुर ने इस मैच को 16.02 ओवर में 07 विकेट से जीत लिया, लेकिन रन रेट की बदौलत दोनों ही टीमें सेमीफाइनल में अपनी जगह नहीं बना पाई क्योंकि नोएडा आपने सारे लीग मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह बना चुकी थी दूसरी टीम के लिए रन रेट की गणना की गई तो उसमें गाजियाबाद का रन रेट -0.40, कानपुर का रन रेट -0.34 और दिल्ली का रन रेट +0.19 होने के कारण दिल्ली ने बतौर दूसरी टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। इस मैच में मैन ऑफ द मैच रहे विनायक सिंह कानपुर से जिन्होंने ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 69 रन बनाकर जीत दिलाई जिन्हें अंकित डीजे की ओर से नगद 1000 की राशि प्रदान की गई, इस मैच में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर प्रतीक सक्सेना और लेग अंपायर में हर्षवर्धन नामदेव रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा की जिला बैठक संभागीय प्रभारी के मुख्य अतिथि में संपन्न

**छतरपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा अपने निर्धारित कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने हेतु जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग के प्रभारी दिलीप पाटोदिया के मुख्य आतिथ्य में मोर्चा की महत्वपूर्ण जिला बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री पाटोदिया ने कहा कि जिस तरह विधानसभा चुनाव में किसान मोर्चा द्वारा सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी की ऐतिहासिक विजय में अपना योगदान दिया, उसी तरह आगामी लोकसभा चुनाव में भी हमारा किसान मोर्चा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनेंद्र पटेरिया द्वारा भाजपा किसान मोर्चा द्वारा निर्धारित किए गए कार्यक्रमों को पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि देश में आगामी समय में मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन किन्ही दो स्थानों पर संपन्न होना है जिसमें प्रत्येक मंडल से 25 किसानों को उसमें शामिल करवाना है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बॉबी राजा ने भी बैठक को संबोधित किया और प्रभारी महामंत्री को विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि हमारे जिले का किसान मोर्चा अन्य कार्यक्रमों को जिस तरह सफलता पूर्वक करता आ रहा है। उसी प्रकार से इन कार्यक्रमों को भी जमीनी स्तर तक पहुंचा कर सफलता प्रदान करेगा।



### कचरा मुक्त शहर न होने एवं 1 साल से कचरा प्रसंकरण केंद्र बंद होने का नतीजा, 2022 में मिली एक स्टार रेटिंग छिनी

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नौगांव नपा ने खोई स्टार रेटिंग

**नौगांव।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के शुरुआती रुझान आ गए हैं। नगर पालिका के अधिकारियों की लापरवाही के चलते कचरा मुक्त शहर एवं कचरा प्रसंकरण केंद्र के चलते वर्ष 2022 में मिली 1 स्टार रेटिंग अब नपा के पास नहीं है। शुक्रवार देर शाम जारी जीएफसी यानी गार्वेज फ्री सिटी (कचरा मुक्त शहर) और एमआरएफ यानि मैटेरियल रिसाकिल फैक्ट्री से मिलने वाली स्टार रैंकिंग में नौगांव नपा का नाम नहीं है। जबकि नौगांव नपा ने एक स्टार रेटिंग में रहते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 3 स्टार पाने के लिए भाग लिया था। लेकिन स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में रैंकिंग सुधारने का उद्देश्य कागजों एवं बैठकों या यूं कहें कि फोटो सेशन तक ही सीमित होने से नपा का यह सपना, सपना ही रह गया। अब देखने वाली बात होगी कि स्टार रेटिंग का तमगा छिनने के बाद अब आने वाले दिनों में जारी होने वाली रैंकिंग का स्तर क्या रहता है। स्वच्छता सर्वेक्षण की रेटिंग में नौगांव को अच्छा स्थान मिलने एवं स्टार रेटिंग पाने के नपा के प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। नगर पालिका के द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिग में सुधार के लिए स्कूलों, कॉलेज सहित अन्य संस्थानों में कार्यशाला आयोजित कर स्वच्छता का संदेश तो दिया जा रहा है, लेकिन शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, दोनों समय शहर की सफाई, कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए कचरे के ढेर को खत्म करने, पॉलिथिन का उपयोग न करने, लाखों रुपए की लागत से बने टीचिंग ग्राउंड का उपयोग का कचरे को रिसाइकिल सहित कदम उठाए जाने चाहिए। लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 3 स्टार रेटिंग पाने के लिए अप्लाई तो कर दिया लेकिन शहर की स्वच्छता रेटिंग सुधारने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई दी। जिसके चलते शहर में सुबह शाम नियमित सफाई नहीं हो



रही हैं।डोर टू डोर कचरा कलेक्शन भगवान भरोसे चल रहा है,शहर में अनेक स्थान ऐसे हैं जहां पर कचरा कलेक्शन वाहन दो से तीन दिनों में वार्डों में पहुंच रहा है। जिस कारण रहवासियों को मजबूरी में कचरे को खुले स्थान अथवा अघोषित कचरा प्वाइंट पर डालना पड़ता है। इन स्थानों से भी समय पर कचरा नहीं उठ रहा है जिस कारण से शहर के कई स्थान अघोषित चिन्हित कचरा घर बने हैं। तो वहीं शहर के कचरे को निपटान के लिए लाखों रुपए की लागत से बना टीचिंग ग्राउंड भी एक साल से अधिक समय से बंद पड़ा है, ट्रेनिंग ग्राउंड में कचरे को रिसाइकिल न करने एवं कचरे से खाद्य तैयार करने के लिए लाखों रुपए की लागत की मशीनें धूल खाकर कबाड़ हो रही हैं। जिसका नतीजा है कि शुक्रवार देर शाम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के लिए जारी स्टार रेटिंग में नौगांव नपा ने अपना एक स्टार का तमगा खो दिया है। इससे पहले शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की जारी स्टार रेटिंग में एक स्टार मिला था, इस बार नपा ने तीन स्टार पाने के लिए अप्लाई किया था, लेकिन शुक्रवार शाम को जारी रेटिंग में पहले से मिला एक स्टार की रेटिंग भी अब छिन गई है। स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में नगर पालिका टॉप-10 में आने का सपना देख रही थी। लेकिन यह सपना पूरा नहीं हो सका था। दो साल पहले की तुलना में पिछले वर्ष 2022 की रैंकिंग में गिरावट दर्ज हुई थी। नतीजा अंडर 50 में नहीं आ सकी और 81वां स्थान मिल सका था। शहर को वेस्ट जोन श्रेणी में 25 से 50 हजार की आबादी और 310 शहरों में 81 वां स्थान मिला था। जबकि दो साल पहले इसी श्रेणी में शहर 75 वें नम्बर पर रहा था, मतलब 2022 के सर्वे में दो साल पहले की तुलना में शहर 6 स्थान पिछड़ गया था। तो वहीं वेस्ट जोन श्रेणी में 25 से 50 हजार की आबादी वाले स्टेट रैंकिंग में 66 शहरों में से 33 वां नम्बर मिला था।

## खबर संक्षेप

### सूरा और पचोखर रोजगार सहायक की सेवा हुई समाप्त

**रीवा।** प्रधानमंत्री आवास में फर्जीवाडे को लेकर बड़ी कार्यवाही जिला पंचायत सीईओ संजय सौरभ सोनवणे ने की है दरअसल रीवा जिले के गंगेव जनपद की सूरा एवं पचोखर ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा अपात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करने पर कार्यवाही की गई है। सामाजिक आर टी आई कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी ने बताया कि मामले को लेकर शिकायत की गई थी जिस पर तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा स्वप्निल वानखेड़े के द्वारा जांच करवाई गई थी। मामले की जांच आवास प्रभारी जिला पंचायत रीवा विनोद पांडेय, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गंगेव अजय शुक्ला और सीईओ जनपद पंचायत त्यौंथर राहुल पांडेय के द्वारा की गई थी। जांच में व्यापक स्तर की अनियमितता, अपात्र लोगों को पात्र बताया जाकर प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करना, किसी अन्य व्यक्ति के पहले से निर्मित पक्के मकान का जिओ टैग कर अन्य व्यक्ति के नाम पर मकान बना हुआ बताया जाना, अन्य हितग्राहियों की फोटोग्राफ्स आवास ऐप में अपलोड किया जाना जैसे कई मामले जांच के दौरान प्रमाणित हुए थे। जांच रिपोर्ट की फाइल पहले जिला पंचायत और कलेक्टर कार्यालय के बीच में घूमती रही जहां कार्यवाही करने में लेटलतीफी और हीलाहवाली चलती रही लेकिन वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा संजय सौरभ सोनवणे ने दोनों ही रोजगार सहायकों की सेवाएं समाप्त करते हुए बड़ी कार्यवाही की है। गौरतलब है की दोनों ही पंचायत में रोजगार सहायक ही सचिव के भी प्रभार में अंगद के पांव की तरह जमे हुए थे। सूरा ग्राम पंचायत से रोजगार सहायक पुष्पेंद्र तिवारी एवं पचोखर ग्राम पंचायत से आशुतोष तिवारी की सेवाएं समाप्त की गई है

### शासकीय भूमि पर सरहंगों के द्वारा कब्जा

**रीवा।** पूरा मामला मऊगंज जिले के थाना शाहपुर के ग्राम पंचायत जमुई के ग्राम कलरगवा का है जिसमें खसरा नंबर 106 /1/3 जो मध्य प्रदेश शासन है लगभग डेढ़ एकड़ जिसमें श्याम बहादुर सिंह द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है लगभग 70 बाई 50 में बाउंड्री बनाकर घर बनाया जा रहा है देखा जा रहा है कि शासकीय भूमि पर घर बनने का कार्य जोरों से चालू है जे सी बी मसीन से गड्ढे खुदवा कर कार्य को जल्द पूर्ण करने की कोशिश लगातार जारी है इसी संबंध ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से शिकायत भी की गई शिकायत कर्ता उपेंद्र सिंह पिता सूर्यनारण सिंह के द्वारा बताया गया कि शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, एक ओर जहां सरकार द्वारा सरकारी जमीनों को मुक्त कराने के सक्त आदेश दिए गए हैं जिला कलेक्टर को तों वहीं दूसरी ओर मऊगंज कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही दूरी पर खुलेआम प्रशासन को चुनौती देते हुए श्याम बहादुर सिंह द्वारा अबैध अतिक्रमण कर घर निर्माण किया जा रहा है मऊगंज के जिला बनने के बाद भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं होगी तों सरहंगो के हौसले और बुलंद होंगे
अगर बात आए अतिक्रमण पर कार्यवाही की तो अगर किसी गरीब द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो उसपर कार्यवाही करवाने और उसको हटाने के लिए प्रशासन की पूरी टीम पूरे अधिकारी एक्शन में आ जाते हैं तो श्याम बहादुर सिंह जैसे अतिक्रमण करियों के लिए प्रशासन मौन क्यूं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगे शिविर

**रीवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में मनगवां तहसील के ग्राम पचोखर में ग्राम पंचायत भवन परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है। इस संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री की गारंटी वाली गाड़ी से आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी आमजनता को मिल रही है। इन योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभान्वित किया जा रहा है। संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क उपचार शिविर लगाया गया है।

# आवारा मवेशियों से किसान परेशान, खड़ी फसल को कर रहे चट

## दिखावे के लिए बनी गौशालाएं, शासन प्रशासन भी व्यवस्था बनाने में फेल

शासन द्वारा ऐरा प्रथा पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण किसानों की खडी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, बताया गया है कि इस कड़ाके की ठंड में किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए तारवाडी, जाली, सहित तमाम इंतजाम करने के बावजूद रात में खेतों की रखवाली करते हैं ।

रीवा



धोके से आंख लग गई तो सैकड़ों की संख्या में सभी सुरक्षा घेरा को तोडते हुए मवेशी किसानों के खेतों में धावा बोल देते हैं और पूरी फसल को नष्ट-भ्रष्ट कर देते हैं, आवारा मवेशियों से किसान पूरी तरह से टूट चुका है,शासन प्रशासन भी इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है, करोड़ों रुपए खर्च के बाद भी गौशालाएं शोपीस बनी हुई है, जहां मवेशियों को रखने की व्यवस्था तक नहीं है, जिसके कारण किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है ग्राम पंचायत सितलहा के किसान विकास तिवारी के खेत में विगत रात्रि आवारा मवेशियों ने धावा बोल कर पूरी खेती को सफाचट कर दिया गया,

### ऐरा प्रथा पर रोक लगी हुई है लेकिन नहीं होता पालन

प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते ऐरा प्रथा पर रोक के बावजूद भी पालन नहीं कराया जा रहा है, जिले के अधिकतर लोग मवेशियों का दूध निकाल कर ऐरा छोड देते है जो किसानों के लिए फजीहत साबित हो रहा है, क्षेत्रीय किसानों से जिला कलेक्टर से ऐसे पशुपालकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि ऐरा प्रथा में कठोर पूर्वक कार्यवाही करने तथा आवारा मवेशियों को जंगल में छोड़ने की गुहार लगाई है,



# धान खरीदी केंद्र से चोरों ने 30 बोरी धान किया पार

### अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना नईगढ़ी पुलिस में मामला दर्ज

मऊगंज

जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोर निरंतर अपनी कारगुजारी में जुटे हुए हैं।प्रतिदिन कहीं न कहीं चोरी की घटनाएं अनवरत जारी है। खरीदी केंद्र नईगढ़ी के क्रमांक 1 अष्टभुजा धाम मंदिर परिसर के पीछे बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने घने कोहरे का फायदा उठाकर 30 बोरी धान की चोरी कर ले गए। जिसकी जानकारी सुबह खरीदी केंद्र से जुड़े लोगों को लगी तत्काल इसकी जानकारी समिति प्रबंधक को दी गई। समिति प्रबंधक द्वारा नईगढ़ी थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। वही नईगढ़ी थाना पुलिस द्वारा चोरी के संबंध में फरियादी की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

# समितियों की मिलीभगत से किसानों के खातों में बिक रही व्यापारियों की धान

### जिला प्रशासन बेखबर

रीवा !



मिली जानकारी के अनुसार धान जिले में खरीदी केन्द्रों में समितियों के मिली भगत के चलते गरीब किसानों का धान व्यापारियों द्वारा औने-पौने दाम मे खरीदकर समितियों में बेचा जा रहा है,और यह इतने सफाई से कार्य चल रहा है कि प्रशासन को भी इसकी भनक नहीं है,हालांकि इसकी शुरुआत प्रशासन की लाचार व्यवस्था के चलते हो रहा है जब से धान का रजिस्ट्रेशन शुरू होता है तभी से इस घोटाले की इबारत लिखी जाती है पहले पटवारियों से मिलकर चिन्हित किसानों का सौ रुपए कमिशन के शर्त में रजिस्ट्रेशन कराया जाता हैं, फिर उन्ही के खाते में समिति की मिली भगत से धान खरीदी केन्द्रों में बिक्री करते हैं,1600 से लेकर 1800 तक रुपये में किसानों की धान खरीदी करते हैं व्यापारी और फिर शासन द्वारा निर्धारित राशि में बिक्री करते हैं धान, हालांकि धान और गेहूं खरीदी में यह कोई नई बात नहीं है, इससे पूर्व भी समितियों द्वारा खरीदी केन्द्रों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा चुका है और कार्यवाही की खानापूर्ति भी प्रशासन द्वारा की गई,कई ऐसे समिति प्रबंधको को खरीदी की जिम्मेदारी हर बार सौंपी जाती है जिनके विरुद्ध कार्यवाही भी जा चुकी है,

# चित्रकूट यूपी की सीमा से सटे रीवा जिले के जनेह थाना क्षेत्र स्थित घटेहा के जंगल में नव ब्याहता की लाश मिलने से सनसनी

रीवा

खबर की जानकारी लगते ही जनेह थाना प्रभारी शैल यादव के साथ पुलिस अमला जंगल पहुंच गया। यहां तक की रीवा से फॉरेसिंक टीम भी घटना स्थल का निरीक्षण करने मौके पर पहुंच गई। लाख प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर एसजीएमएच के मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है। थाना प्रभारी जनेह ने बताया कि महिला की उम्र लगभग 25 वर्ष के आस-पास की है जिसके गले में निशान होने से गला दबा कर हत्या किये जाने की आशंका है। महिला के साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया गया या नहीं इस बात की पुष्टि मेडिकल रिपोंट आने के बाद ही होगी। थाना प्रभारी जनेह ने घटना के संबंध में बताया कि जंगल में महिला के शव होने की खबर चरवाहे के माध्यम से पुलिस तक पहुंची। सूनसान इलाके में महिला का शव पड़ा हुआ था शव पर महिला का ही शॉल ढ़का हुआ था।

### दाहिने हाथ की कलाई पर अंग्रेजी से लिखा है एल एच




महिला के पंचानामा कार्रवाही में पुलिस ने पाया कि मांग भरी सिंदूर होने के साथ ही उसके दाहिने हाथ की कलाई में अंग्रेजी से एल एच लिखा हुआ है। एल एच किस नाम या किस ओर इशारा करता है इस बात को लेकर पुलिस अपना माथा पच्ची कर रही है। लगभग 27 वर्षीय महिला की ऊंचाई 5 फिट के आस पास की है और उसका रंग गेंहूआ है। लाल रंग की पेटीकोट के साथ महिला ने नीले रंग की साड़ी और बैंगनी रंग की स्वेटर पहन रखी है। इसके साथ ही पैर में हरे रंग का मोजा एंव काले रंग की चप्पल पहने हुए है। हरी एवं सुनहरे रंग की चूड़ी के साथ ही दाहिने हाथ की अनामिका उंगली में चांदी का छल्ला पहने हुई है। इसके साथ ही एक नहीं दो मंगलसूत्र महिला ने अपने गले में डाल रखी है। बाक्स महिला का श्रंगार दे रहा गवाही, हाल ही में हुई थी शादी महिला ऐसे पड़ी हुई थी जैसे खुले आसमां के नीचे सो रही हो रही। साड़ी भी उसकी सही सलामत रही और शरीर में रोल्ड गोल्ड के जेवर पहने हुई थी। मांग पर सिंदूर और महिला के श्रंगार से ऐसा प्रतीत होता है कि महिला की शादी हाल ही में हुई है। संभावना जताई जाती है कि महिला प्रेम फांस में फंसी थी। हाल ही में महिला की शादी हुई और प्रेमी-प्रेमिका बिछड़ गये। शादी के बाद महिला अपने ससुराल से मायके आई हुई थी। प्यार में धोखा खाया उसका प्रेमी इंतजार कर रहा था। प्रेमी द्वारा बहला कर महिला को सूनसान जंगल में ले जाकर गला घोंट कर हत्या कर दी गई। बाक्स यूपी चित्रकूट जिले है महिला, शिनाख्ती के लिए दौड़ रही पुलिस घटना स्थल और महिला के शव को देख इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि महिला यूपी की रहने वाली नहीं है। जनेह थाना क्षेत्र ही नहीं आसपास के थानों से गुमशुदा की तस्दीक करवाने के लिए पुलिस ने जमकर हाथ पैर पटके। लगभग दर्जन भर लोग आकर शव को अपने खाये हुए लोगों का कह न सके। घटेहा जंगल से यूपी के चित्रकूट जिले की सीमा लगभग डेढ़ किलोमीटर है जो बडग़ड़ थाना का हर्दी पुलिस चौकी को छूती है। जनेह थाना प्रभारी ने बडग़ड़ थाना और हर्दी पुलिस चौकी में संपर्क कर महिला की शिनाख्ती करवाई लेकिन महिला की पहचान न हो सकी। पुलिस का अंदाजा है कि यूपी के बडग़ड़ थाना से इतर चित्रकूट यूपी के किसी थाना क्षेत्र की महिला है।

# बिछरहटा में निकली भव्य कलश यात्रा



**रीवा।** अयोध्या में श्री राम लला कि मंदिर निर्माण को लेकर पूरे देश में लोग तरह-तरह की तैयारी कर रहे हैं उत्साह मना रहे हैं इस उपलक्ष में आज मऊगंज जिले के जनपदपंचायत हनुमना के ग्राम बिछरहटा में सैकड़ो ग्रामीण मिल के कलश यात्रा निकाले यात्रा के दौरान देखा गया कि लोगों में राम मंदिर को लेकर और प्रभु श्री राम के जन्म भूमि की स्थापना को लेकर बहुत ही उत्साह दिखाई दिया यात्रा की शुरुआत गांव की बाजार बस्ती शिव पार्वती मंदिर से आरंभ होकर वर्गद हनुमान से होकर कलरगमआं कुठहा हनुमान मंदिर केशव मंदिर गढ़ी शिव पार्वती एवं हनुमान मंदिर सोनी बस्ती शिव मंदिर हनुमान मंदिर एवं महारानी देवी मंदिर शिवालय धार लेते हुए चौहना एवं दुविया धाम चतुर्भुज मंदिर में समापन एवं प्रसाद वितरण किया गया वहीं से कलश उठा और गांव में जितने भी देव स्थल एवं मंदिर हैं हर जगह जाकर पूजा अर्चना की है साथी श्री राम की एक भव्य तस्वीर लेकर उनको सामने रखकर और भगवा झंडा लेकर पूरे गांव में यात्रा और जय श्री राम का नारा लगाते हुए साथी राम के भजन गाते हुए नाचते झूमते हुए यात्रा किए यात्रा में आसपास के लोग एवं सभी ग्रामीण महिलाएं बच्चे बुजुर्ग सम्मिलित थे कार्यक्रम में जगदीश गुप्ता जी अशोक गुप्ता जी शिवराज सिंह जी रमेश सिंह जी शंकर दास वर्मा सिद्ध मुनि सोनी अभिमन्यु शुक्ला पुनीत सिंह मनीष गुप्ता दीपू चौरसिया इंद्रलाल केवट लालता प्रसाद केवट उमेश केवट राम दयाल केवट दीपक केवट उकेस केवट राजेश नामदेव मुन्नी देवी शुक्ला विनीत शुक्ला राजेन्द्र केवट सुनील चौरसिया अनिल सोधिया दीपक वर्मा सीताराम केवट बिपिन चंद्र नवैद संजय गिरि सूरज दिलीप व संजय नामदेव के अलावा मंडल के राम भक्त रहे।



# जनशिक्षकों ने वीआरसी गंगेव को सौंपा ज्ञापन

**रीवा ।** जनपद शिक्षा केन्द्र गंगेव जिला रीवा के जनशिक्षकों ने विकासखण्ड स्रोत समन्वयक श्री प्रदीप द्विवेदी को ज्ञापन पत्र देकर विद्यालय में शैक्षणिक कार्य हेतु मुक्त किये जाने की मांग की है। जनशिक्षकों ने दिये गये ज्ञापन में लेख किया है कि जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र रीवा के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा के आदेश "क्र.जिशिके/स्था/2023 /6576 रीवा दिनांक 03.01.2024 के तहत सभी कार्यानुमति वाले जनशिक्षक अपने मूल पदांकित शाला में उपस्थित रहकर शैक्षिक कार्य करने के उपरांत जन शिक्षक का कार्य संपादित करेगें।" जिला पंचायत सी.ओ.के तुगलकी आदेश से जनशिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है जनशिक्षकों का कहना है कि सुबह 10 बजे से सायं 04.30 बजे तक मूल पदांकित शाला में पठन-पाठन का कार्य करने के पश्चात जनशिक्षकीय कार्य कर पाना संभव नहीं हो पायेगा क्योकि मेटरिंग एप पर प्रत्येक माह में कम से कम 15 विद्यालयों की मानीटरिंग करनी पड़ती है जिसमें एक विद्यालय में कम से कम दो घंटे का समय लगता है इसके अतिरिक्त अन्य बहुत से कार्य जनशिक्षकों के द्वारा ही किये जाते हैं। जनशिक्षकों की मांग है कि हम लोगों से मूल पदांकित शाला में रहकर पठन पाठन का कार्य कराया जाय अथवा जनशिक्षक का कार्य, दोनो एक साथ संभव नहीं है। ज्ञापन के समय राजीव मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, राकेश द्विवेदी, आनन्द कुमार तिवारी, सुरेश कुशवाहा, राजेश वर्मा सहित दो दर्जन जनशिक्षक उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण की डकार ली राशि, सड़क का निर्माण कार्य अधूरा

## जनपद पंचायत हनुमना का मामला

### खजुरहन ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव की मिलीभगत में हुई बंदरबांट

मऊगंज



जिले के जनपद पंचायत हनुमना मे भष्टाचार का बोलबाला है।जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मे बिना निर्माण कार्य कराये हीसरपंच,सचिव,रोजगार सहायक और जनपद पंचायत के अधिकारियों की मिलीभगत से पैसो का बंदरबांट किया जा रहा है।एक तरफ सरकार द्वारा पंचायतो में चहुमुंखी विकास के लिए भारी भरकम राशि दी जा रही है जिससे कि गांव का सम्पूर्ण विकास हो सके लेकिन प्रशासन के जिम्मेदारों की भ्रस्टाचारियों को संरक्षण देने वाली रीति नीति से ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव शासन के खजाने को खाली करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ताजा मामला जिले के हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत खजुरहन ग्राम पंचायत का है जहां सरपंच और सचिव की मिलीभगत से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का पैसा आहरित कर लिया गया लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है सड़क में सिर्फ रखड़ और बड़ी गिट्टी बिछवा दी गई है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत पीसीसी रोड निर्माण कार्य नंदलाल पांडेय के घर से राजमणि पांडेय के घर की ओर का निर्माण कार्य शुरू है जो की कई महीने बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है जबकि मास्टर रोल में 14/11/2023 तक भुगतान किया गया है सड़क निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही सरपंच सचिव की मिलीभगत इस हद तक हावी है कि सरपंच सचिव के द्वारा साफ सफाई के नाम पर कई बार हजारों रुपए निकाले गये हैं। लेकिन सफाई कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है ।तकरीबन लाखों रुपए सफाई के नाम पर निकल लिए गए हैं। वहीं कार्यालय व्यय के नाम पर भी हजारों रुपए का बंदरबाट किया जा गया है। इसके साथ ही चबूतरा निर्माण कार्य में भी घोटाले किए गए हैं। ग्राम पंचायत के विकास के नाम पर सरपंच, सचिव और जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा शासन की राशि का बंदरवाट किया जा रहा है।स्थानीय लोगो की कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव से मांग है कि पंचायत की जांच कराई जाए। और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।